aglasem.com

FOR HARYANA CLASS 9 PREPARATION

HBSE Class 9 Sample Paper 2027 Hindi

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Haryana Class 9	2027	Sample Paper	Hindi

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (मार्च 2026-27)

CLASS : 9th (Secondary) **Code NO.001**

Series : Sec/Annual -2027

रोल नं॰ | | | | | | | | | | |

SAT - A

हिन्दी

(Academic / Open)

(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

समय : 3 घंटे] पूर्णांक : 80

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7.तथा 14 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

सामान्य निर्देश:

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

नमूना प्रश्न पत्र
कोड न.2501
कक्षा 9

समय : 3 घंटे **कुल अंक : 80**

नोट :(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।
(2) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए हैं।

खंड (क)

प्रश्न 1 व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तरपुस्तिका मे लिखिए। 1x7=7

(क) तटिनी तनूजा तट तमाल में _____ अलंकार है |

(i) उपमा (ii) श्लेष
(iii) रूपक (iv) अनुप्रास

(ख) निर्गुण में उपसर्ग है।
(i) निर् (ii) नि
(iii) नी (iv) नर्

(ग) धीरे-धीरे किस प्रकार का शब्द है
(i) क्रिया विशेषण (ii) संज्ञा
(iii) सर्वनाम (iv) विशेषण

(घ) अभिलाषा का पर्यायवाची है
(i) इच्छा (ii) जोश
(iii) उद्यान (iv) नदी

(ड) पंजाबी भाषा की लिपि का नाम है

(i) फ़ारसी-अरबी (ii) ब्राह्मी
(iii) गुरुमुखी (iv) रोमन

(च) आरंभ का विलोम बताइए
(i) अंत (ii) अमावस्या
(iii) उदय (iv) इति

(छ) दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक समूह को _____ कहते हैं ।
(i) शब्द (ii) समास
(iii) अर्थ (iv) वाक्य

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए। 2×4=8
(क) अयोगवाह किसे कहते हैं ।
(ख) मुहावरों का अर्थ लिख कर वाक्य बनाइए
i. अपना उल्लू सीधा करना
ii. आँखों का तारा
(ग) कर्मधारय समास किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।
(घ) अविकारी शब्द की उदाहरण सहित परिभाषा दीजिए।

प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 1x5=5
(क) प्रदूषण
(ख) आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता)
(ग) आधुनिक नारी
(घ) राष्ट्रवाद
(च) खेलों का महत्व

प्रश्न 4 बड़े भाई की शादी के उपलक्ष्य में मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए
अथवा 5
अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को शिक्षा शुल्क क्षमा करने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

खंड (ख)

प्रश्न 5 क्षितिज (काव्य खंड)के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी पुस्तिका मे लिखिए। 1×6=6

(क) कबीर के अनुसार निर्गुण ब्रह्म कहाँ मिलता है ?

(i) मंदिर में (ii) कैलाश पर

(iii) सर्वत्र (iv) काबा में

(ख) ललद्यद किस भाषा की कवयित्री हैं ?

(i) डोगरी (ii) कश्मीरी

(iii) सिंधी (iv) गढ़वाली

(ग) "मानुष हौं तो वही रसखानि सवैये " में कवि का किसके प्रति प्रेम व्यक्त हुआ है?

(i) पर्यावरण (ii) ब्रज भूमि

(iii) मानवता (iv) पशु -पक्षी

(घ) “कैदी और कोकिला” कविता के कवि का नाम बताइए।

(i) माखन लाल चतुर्वेदी (ii) प्रेमचंद

(iii) सर्वेश्वर दयाल (iv) जयशंकर प्रसाद

(ड) तम का शासन किसे कहा गया है?

(i) अंधेरे का शासन (ii) अंग्रेजी शासन

(iii) धूप का शासन (iv) इनमे से कोई नहीं

(च) सुबह सुबह बच्चे कहाँ जा रहे हैं ?

(i) पढ़ने (ii) खेलने

(iii) पिकनिक (iv) काम करने

प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x5=5

संतौ भाई आई ग्यान की आँधी. रे!
भ्रम की टाटी सबै उड़ाणी, माया रहै न बाँधी रे।।
हितचित की दोउ थुनी गिरानी, मोह बलींडा टूटा।
त्रिस्न छाँनि परी घर ऊपर, कुबुधि का भांडा फूटा।।

ज़ोग जुगति करि संतौ बाँधी, निरचू चुवै न पाणीं।
कूड़-कपट काया का निकस्या, हरि की गति जब जाँणी।।
आँधी पीछे जल बूठा, प्रेम हरी जन भीना।
कहै कबीर भांन के प्रगटे, उदित भयो तम घीनाँ।

(क) प्रस्तुत काव्याँश के कवि कौन है?
(ख) तृष्णा रूपी छप्पर को भूमि पर किसने गिर दिया?
(ग) अज्ञान का अंधकार किस कारण क्षीण हुआ है ?
(घ) मनुष्य में कौन-कौन से विकार हैं ?
(ड) "भांन" किसका प्रतीक है ?

प्रश्न 7. मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढता फिरता है ?
अथवा 3
कवि मनुष्य के रूप में कहाँ जन्म लेना चाहता है और क्यों?

प्रश्न 8. निम्नलिखित काव्यांश का काव्य सौंदर्य लिखिए। 3

क्यों हूक पड़ी?
वेदना-बोझ वाली-सी;
कोकिल, बोलो तो!
क्या लुटा?
मृदुल वैभव की रखवाली-सी,
कोकिल, बोलो तो!

प्रश्न 9. किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई और क्यों ? 3

खंड (ग)

प्रश्न 10 क्षितिज (गद्य खंड) के आधार पीआर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए 1×6=6

(क)गया के घर में झूरी के बैलों को रोटियाँ किसने दी थी?
(i) गया की पत्नी ने (ii) सहायकों ने
(iii) गया (iv) छोटी लड़की ने

(ख) कुची-कुची का क्या अर्थ है?

(i) धीरे-धीरे (ii) कुछ-कुछ

(iii) परे-परे (iv) दया-दया

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ में लेखक ने किसे सावधान किया है?

(i) अध्यापकों को (ii) छात्रों को

(iii) आम जनमानस को (iv) विज्ञापन बनाने वालों को

(घ) 'बर्ड वाचर' की संज्ञा किसे दी गई है?

(i) जाबिर हुसैन (ii) सालिम अली

(iii) लॉरेंस (iv) फ्रीडा

(ड) प्रेमचंद के फटे जूते नामक निबंध किसके द्वारा रचित है?

(i) प्रेमचंद (ii) श्यामचरण दुबे

(iii) चपला देवी (iv) हरिशंकर परसाई

(च) महादेवी वर्मा पहले किस भाषा में कविता लिखती थीं?

(i) अवधी (ii) बुन्देली

(iii) ब्रज (iv) मैथिली

प्रश्न 11 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x5=5

धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है। एक नयी जीवन-शैली अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है। उसके साथ आ रहा है एक नया जीवन-दर्शन–उपभोक्तावाद का दर्शन। उत्पादन बढ़ाने पर ज़ोर है चारों ओर। यह उत्पादन आपके लिए है; आपके भोग के लिए है, आपके सुख के लिए है। 'सुख' की व्याख्या बदल गई है। उपभोग-भोग ही सुख है। एक सूक्ष्म बदलाव आया है नई स्थिति में। उत्पाद तो आपके लिए हैं, पर आप यह भूल जाते हैं कि जाने-अनजाने आज के माहौल में आपका चरित्र भी बदल रहा है और आप उत्पाद को समर्पित होते जा रहे हैं।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम बताइए।

(ख) कोनसी नई जीवन शैली आ गई है?

(ग) उपभोक्तावाद क्या है?

(घ) आज सुख की परिभाषा क्या हो गई है?

(ड) हमारे चरित्र में क्या परिवर्तन हो रहा है और क्यों?

प्रश्न 12 महादेवी वर्मा अथवा राहुल सांकृत्यायन का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यिक विशेषताओं एवम भाषाशैली पर प्रकाश डालिए। 5

प्रश्न 13 किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए 2+2=4

(क) अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

(ख) "साँवले सपनों की याद" शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी कीजिए।

(ग) लेखिका उर्दू-फारसी क्यों नहीं सीख पाई?

खंड -घ

प्रश्न 14 कृतिका (भाग 2) के आधार पर निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

(क) उमा और शंकर की चारित्रिक विशेषताऐं बताइए।

अथवा 3

रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए छिपाना, यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है?

(ख) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे? 2

(ग)"शिक्षा बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है" - इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए। 2

प्रश्न 15 आदर्श जीवन मूल्य माध्यमा के आधार पर निम्नलिखित किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए 2×4=8

(क) अर्जुन पर श्री कृष्ण का क्या प्रभाव पड़ा?

(ख) गीता हमें क्या सिखाती है?

(ग) सज्जन लोग अपने गुरुजनों और श्रेष्ठजनों के पास क्यों गया?

(घ) विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य क्या होना चाहिए?

(ड) मनुष्य के जीवन की सार्थकता किसमें हैं?

8